हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 07 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

देशभर में आज गणेश चतुर्थी का त्यौहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के प्रतीक भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। लोग अपने घर में मिट्टी से बनी भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित करते हैं। 10 दिन तक चलने वाले उत्सव के दौरान लोग भगवान गणेश की पूजा करते हैं और अंतिम दिन उनकी प्रतिमा को धूमधाम से विसर्जित किया जाता है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि आनंद और उत्साह का यह पर्व सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भगवान गणेश ज्ञान, बुद्धि और समृद्धि के प्रतीक हैं और यह त्योहार हमें विनम्र और कर्तव्यनिष्ठ बनने के लिए प्रेरित करता है। साथ ही यह पर्व सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देता है। राष्ट्रपति ने लोगों से एकजुट होकर शांतिपूर्ण और समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लेने को भी कहा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भगवान गणेश बुद्धि, समृद्धि और अच्छे भाग्य के प्रतीक हैं और करोड़ों लोगों के हृदय में विशेष स्थान रखते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि विघ्नहर्ता के रूप में भगवान गणेश, हमें साहस और संकल्प के साथ चुनौतियों से निपटने के लिए प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी सभी देशवासियों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

****

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति ने हरियाणा में कांग्रेस के उम्मीदवारों की पहली सूचि जारी कर दी है।पहली सूची में 31 सीटों परउम्मीदवार उतारे गए हैं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हूडा को गढ़ी सांपला किलोई,भारत भूषण बत्रा को रोहतक

और उदयभान को होडल आरक्षित सीट से चुनाव मैंदान में उतरा गया है।वहीं कालका से प्रदीप चौधरी ,नारायणगढ़ से श्रीमतीशैली चौधरी ,सड़ौदा से श्रीमती रेणु बाला, राजोद से बिशन लाल सैनी ,लाडवा से मेवा सिंह को टिकट दी गई है।आरक्षित सीट शाहाबाद से रामकरण नीलोखेड़ी से धर्मपाल गोंदर,खरखोदा से जयवीर सिंह ,कलावाली से शीशपाल सिंह ,कलानौर से शकुंतला खटक ,झज्जर से गीता भुक्क्ल को चुनाव में उतरा गया है ।जारी सूची के अनुसार असंध से शमशेर सिंह गोगी, समालखा से धर्म सिंह चोकर , सोनीपत से सुरेंद्र पवार ,गोहाना से जगबीर सिंह मलिक, बड़ौदा से इंदुराज सिंह नरवाल और सफीदों से सुभाष गांगुली चुनाव लड़ेंगे।कल ही कांग्रेस में शामिल हुई विनेश फोगाट को जुलाना से चुनाव लड़ाया जा रहा है।वहीं पार्टी ने बादली से कुलदीप वत्स बेरी से डॉक्टर रघुवीर सिंह, महेंद्रगढ़ से राव दान सिंह, रेवाड़ी से चिरंजीव राव,नूंह से आफताब अहमद ,फिरोजपुर से मामन खान,पुनहाना से मुहहमद इल्यास पर भरोसा जताया गया है फरीदाबाद से नीरज शर्मा को चुनाव मैंदान में उतारा गया है।

****

जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि अगर डबवाली से उनके दादा ओमप्रकाश चौटाला चुनाव लड़ते है तो वह उनके सम्मान में डबवाली से चुनाव नहीं लड़ेंगे।वह डबवाली में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। श्री दिग्विजय ने कहा कि आज राजनीति में वे सब जिस मुकाम पर पहुंचे है, वह सब ओम प्रकाश चौटाला की ही देन है। दिग्विजय ने कहा कि अगर वे डबवाली से नामांकन भर भी देते है तो ओम प्रकाश चौटाला के नामांकन भरते ही वे अपना नामांकन वापस ले लेंगे।जेजेपी-एएसपी गठबंधन के प्रत्याशी दिग्विजय चौटाला ने कल डबवाली हलके के विभिन्न गांवों में रोड शो भी निकाला और लोगों से वोट की अपील की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए दिग्विजय ने कहा कि वह डबवाली को पूर्ण जिला का दर्जा दिलाने के लिए हर

संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यहां से जेजेपी का विधायक नहीं होने के बावजूद भी डबवाली के विकास के लिए जेजेपी ने काम किया है।जेजेपी प्रधान महासचिव ने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि इस क्षेत्र से नशे को जड़ मूल से खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि नशे की तस्करी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। दिग्विजय चौटाला ने ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं से 10 सितंबर को उनके नामांकन के दौरान पहुंचने की अपील भी की। इस दौरान विधायक नैना चौटाला ने भी दिग्विजय के लिए ग्रामीणों से वोट की अपील की।

****

कांग्रेस की पहली सूची जारी होते ही पार्टी में बग़ावत शुरू हो गई है ।कांग्रेस नेता राजेश जून ने टिकट न मिलने पर कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा दिया। राजेश जून ने बहादुरगढ से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है । उन्होंने अपने समर्थकों की बैठक में यह एलान किया । राजेश जून ने कहा की वादा कर टिकट न देकर कांग्रेस नेतृत्व ने उनसे धोखा किया है ।

****

हरियाणा के कालांवाली हल्के से पूर्व विधायक एवं भारतीय जानता पार्टी के नेता बलकौर सिंह ने पार्टी से इस्तीफ़ा दे दिया है ।प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को भेजे पत्र में उन्होंने इस्तीफ़े का कोई कारण नहीं बताया है मिली जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक बलकौर सिंह , जिला पार्षद, खंड समिति के अध्यक्ष , सदस्य , सरपंचो, पूर्व सरपंचो, पंचो, पूर्व नगर पार्षद ओर पार्टी पदाधिकारिओं के साथ दिल्ली रवाना हो गये हैं यहाँ वे कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं ।